TINO SILVA का वक्तव्य,

सदस्य, Santa Clara City Council के लिए उम्मीदवार, **सीट 4**

व्यवसाय: मानव संसाधन सलाहकार

आयु: 47

शिक्षा एवं योग्यता:

सैंटा क्लारा अपने विकास के एक खतरनाक मोड़ पर खड़ा है और अगले चार साल यह निर्धारित करेंगे कि हमारे शहर को कौन चलाएगा बड़ा व्यवसाय या साधारण नागरिक। सैंटा क्लारा कैरियर नेताओं और विशेष रुचि समूहों द्वारा शासित होना बर्दाश्त नहीं कर सकता। अब समय आ गया है कि एक नया नेतृत्व और नई आवाज सामने आए जो हमारे समुदाय को प्राथमिकता दे।

एक Counciimember के रूप में, मैं उपाय जे के अनुसार लेवी स्टेडियम के वित्तीय प्रबंधन में सतर्क निरीक्षण बनाए रखूंगा और यह सुनिश्चित करूंगा कि हमारे शहर का शासन पारदर्शी तरीके से चले, हमारे जीवन की गुणवत्ता को सबसे आगे रखते हुए विकास संबंधी निर्णय लिए जाएं और हमारे पार्क और खुले स्थानों की रक्षा और उन्नयन हो।

46 से अधिक वर्षों से सैंटा क्लारा में अपनी पत्नी करेन के साथ निवास करते हुए हमने दो बच्चों की यहां परवरिश की है। मैं सैंटा क्लारा विश्वविद्यालय का स्नातक हूँ और पार्क और मनोरंजन आयोग तथा चार्टर समीक्षा समिति के सदस्य और सैंटा क्लारा यूथ फुटबाल और वेस्टसाइड लिटल लीग के अध्यक्ष के रूप में दस साल से अधिक समय से सैंटा क्लारा के नागरिकों की सेवा की है।

कृपया सिटी कौंसिल के लिए मेरी उम्मीदवारी के समर्थन में मेयर Gillmor और Councilmembers डेविस और Wantanabe के साथ वोट करें। सैंटा क्लारा हम सभी का है! मेरी वेबसाइट www.tinosilva.org पर जाएँ।